Bhartiyam International School

Periodic Assessment – 1 (2022-23)
Subject:Hindi (Set-1)
Class:V

Date: 11/06/2022 **Max. Mark: 20**
Name: ________________ **Roll No: _______** **Duration: 1 hr**

निर्देश- 1. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं |
2. कार्य सुलेख के साथ करें |
3. प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार दें |

खंड-क (पठन पाठन)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें- **(4)**

सोवर्न में पढ़ाई के साथ-साथ मारिया को अपने खर्चे के लिए कुछ न कुछ काम भी करना पड़ता था | रहन-सहन उसका बहुत सादा था, वह एक ऐसे कमरे में रहती थी, जिसमे किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं थी | फिर भी मारिया बहुत प्रसन्न थी | पहले वर्ष में वह भौतिक विज्ञान की परीक्षा में प्रथम आई और दूसरे वर्ष गणित की परीक्षा में द्वितीय | इसके अतिरिक्त उसकी वैज्ञानिक बनने की इच्छा भी पूरी हो रही थी | उन दिनों किसी भी स्त्री के लिए यह बड़े ही गर्व की बात थी | पेरिस में मारिया का विवाह प्रोफेसर क्यूरी से हो गया |

क) सोवर्न में पढ़ाई के साथ-साथ मरिया को और क्या करना पड़ता था और क्यों ?
ख) मरिया का रहन-सहन कैसा था ?
ग) मारिया पहले और दूसरे वर्ष किन-किन विषयों में प्रथम आई ?
घ) पेरिस में मारिया का विवाह किसके साथ हो गया ?

खंड-ख (व्याकरण)

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्टकों में दी गई धातुओं के उचित रूप से कीजिये- **(0.5×2=1)**
(क) मोहन ने कल रोहन को पुस्तक _________| (भेज)
(ख) सभा में अनेक विद्वान__________ हैं | (बैठ)

3. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के काल बताइए- **(0.5×2=1)**
(क) सरिता घूमने जाएगी |
(ख) अध्यापिका ने प्रश्न समझाया |

4. दिए गए संयुक्त एवं द्वित्व व्यंजनों से एक-एक शब्द लिखिए- **(0.5×2=1)**
(क) स्थ (ख) च्च

5. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए- **(0.5×2=1)**

(क) साहस रखने वाला (ख) अत्याचार करने वाला

खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें– **(0.5×4=2)**

(क) अनहद ___________बच्चा था |

(ख) घर में पुनः ___________तैरने लगी |

(ग) हमें षटरस का सेवन __________से करना चाहिए |

(घ) जीभ ___________के व्यापार में लगी रहती है |

7. एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिये- **(0.5×4=2)**

(क) दन्त जिह्वा मिलकर क्या काम करते हैं ?

(ख) बत्तीस दाँतों के बीच में रसना किस प्रकार बसती है ?

(ग) माँ की चिंता, थकान और रोग किससे दूर हो रहे थे ?

(घ) अनहद और स्वरा सच्चे शब्दों में क्या बनें ?

8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनके वाक्य प्रयोग कीजिये- **(1×2=2)**

(क) हाथ बँटाना (ख) कर्मरत

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1×2=2)**

(क) मुँह में रसना की स्थिति क्या होती है ? आयुर्वेद क्या कहता है ?

(ख) माँ को बीमार देखकर अनहद ने क्या सोचा ?

(ग) पिता जी के चेहरे पर मुस्कराहट क्यों आ गई ?

खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

10. विद्यालय की लायब्रेरी से पुस्तक दिलवाने के लिए प्रधानार्या को पत्र लिखिए | **(4)**